हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार 13 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 26.4 डिग्री
न्यूनतम 6.6 डिग्री

11



लोक गायिका मालिनी अवस्थी ने अवधी गीतों की प्रस्तुति दी

## शहर में आज

- एमडीयू में महर्षि दयानंद सरस्वती पर कार्यक्रम सुबह 10 बजे
- लाहली में हरियाणा व राजस्थान के बीच मैच
- एमडीयू में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम सुबह 10 बजे

## खबर संक्षेप

### सीजेआई कार्यक्रम को लेकर निषेधाज्ञा आदेश

**रोहतक।** 14 फरवरी को रोहतक में मुख्य न्यायाधीश एवं मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम के दृष्टिगत निषेधाज्ञा रहेगी। सभी साइबर कैफे, पीजी, गेस्ट हाउस, होटल, कार्यालय एवं मकान मालिक के लिए यह अनिवार्य किया गया है वे अपने यहां ठहरने/आने वाले किरायेदारों, कर्मचारियों, आगंतुकों एवं मेहमानों का पूर्ण विवरण एक रजिस्टर में दर्ज करेंगे तथा उनके पहचान पत्र की प्रति सुरक्षित रखेंगे। ड्रोन, माइक्रो लाइट एयरक्राफ्ट, ग्लाइडर, हॉट एयर बैलून, पतंग उड़ाना तथा चाइनीज माइक्रो लाइट आदि के उपयोग पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।

### हरियाणा व राजस्थान के बीच मैच आज

**रोहतक।** सीके नायडू ट्रॉफी में हरियाणा व राजस्थान के बीच शुक्रवार को मुकाबला खेला जाएगा। मैच सुबह 9 बजे चौधरी बंसीलाल स्टेडियम लाहली में शुरू होगा। पिच अपना रंग रणजी ट्रॉफी, विजय मर्चेंट व महिला टी-20 ट्रॉफी में दिखा चुकी है।

### फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आज से

**रोहतक।** महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय (एमडीयू) के यूजीसी-मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर द्वारा 13 से 18 फरवरी तक सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित किया जा रहा है। एमएमटीटीसी के निदेशक प्रो. मुनीष गर्ग ने बताया कि वर्तमान शिक्षा परिदृश्य में भारतीय ज्ञान प्रणाली का एकीकरण विषय पर आयोजित इस एफडीपी कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. राजबीर सिंह करेंगे। कार्यक्रम का शुभारम्भ आरके ऑडिटोरियम में 13 को प्रातः 9.30 बजे से होगा।

### रिजक रोहतक स्काउट्स एवं गाइड्स के डीओसी



**रोहतक।** जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह ने वीरवार को मॉडल संस्कृति स्कूल (एलबीएस नगर) में कार्यरत शिक्षक रिजक राम को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के कब सेक्शन का डिस्ट्रिक्ट ऑर्गेनाइजिंग कमिश्नर (डीओसी) नियुक्त किया है। जिला प्रधान रामराज कादयान ने बताया कि रिजक राम लंबे समय से शैक्षिक और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं।

## सीआईए-1 टीम के साथ मुठभेड़ कुख्यात को लगी दो गोलियां

# भाऊ गैंग के बदमाश मोनू ने एएसआई के सीने पर दागी गोली बुलेट प्रूफ जैकेट से बची जान, पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचा

**आरोपी के कब्जे से एक देसी पिस्टल बरामद, बेरी रोड पर बड़ी वारदात की फिराक में था मोनू सांपला**

**रोहतक।** जिले में गुरुवार तड़के पुलिस और कुख्यात भाऊ गैंग से जुड़े बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान बदमाश ने एएसआई की छाती पर गोली दाग दी। बुलेट प्रूफ जैकेट से जान बच गई। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी कई राउंड फायरिंग की, जिसमें बदमाश के दोनों पैरों में गोली लगी। घायल आरोपी को पहले सीएचसी सांपला और बाद में पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। सीआईए-1 टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव रिटोली शराब ठेके पर फायरिंग का आरोपी मोहन उर्फ मोनू सांपला बेरी रोड पर किसी वारदात की फिराक में घूम रहा है। सीआईए-1 इंचार्ज इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह के नेतृत्व में टीम ने सांपला थाना क्षेत्र में घेराबंदी की। सुबह करीब 4 बजे टीम ने संदिग्ध को रोकने का प्रयास किया। पुलिस के अनुसार, जैसे ही आरोपी ने पुलिस को देखा, उसने फायरिंग शुरू कर दी।

बदमाश को अस्पताल ले जाती पुलिस और जांच करती एफएसएल टीम।





***सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल:*** *मुठभेड़ के बाद एक बार फिर रोहतक और आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय गैंगों की गतिविधियों पर सवाल उठने लगे हैं। पुलिस का दावा है कि लगातार अभियान चलाकर गैंगस्टरों पर शिकंजा कसा जा रहा है और कानून व्यवस्था को बिगाड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।*

### 7 से 8 राउंड गोलियां चलाई

एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया के मुताबिक, मुठभेड़ में पुलिस की ओर से 7 से 8 राउंड गोलियां चलाई गईं, जबकि आरोपी ने 4 राउंड फायर किए। जवाबी कार्रवाई में मोनू के दोनों पैरों में गोली लगी, पुलिस ने उसे काबू कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देसी पिस्टल बरामद की है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहा था। फिलहाल उससे पूछताछ जारी है और उसके नेटवर्क की भी जांच की जा रही है।

आरोपी के अन्य साथियों की तलाश जारी है। पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है। घायल बदमाश पुलिस निगरानी में भर्ती है। उसके ठीक होते ही विस्तृत पूछताछ की जाएगी, जिससे गैंग की अन्य गतिविधियों और संभावित वारदातों का खुलासा हो सके। -सुरेंद्र भौरिया, एसपी रोहतक

### रिटोली फायरिंग केस का मुख्य आरोपी

मोनू सांपला बीते 19 दिसंबर को गांव रिटोली में हुए फायरिंग कांड का मुख्य आरोपी है। उस दिन मोनू ने साथियों के साथ मिलकर युवक की फॉर्च्यूनर गाड़ी पर अंधाधुंध गोलियां बरसाई थीं। घटना के दौरान कार में सवार सन्नी निवासी रिटोली व उसके साथियों ने जवाबी फायरिंग की थी। इसमें एक की मौत हो गई थी, जबकि दोनों पक्षों के एक-एक व्यक्ति घायल हुए थे। इस मामले में रोहित उर्फ रेस्को (गांव आसौदा, झज्जर), यश उर्फ अतुल, मोहित उर्फ जादू, रवि (रिटोली) और रिंकू (कानौंदा, झज्जर) के नाम भी सामने आए थे।

### यूपी गैंग से संबंध, कई केस

पुलिस के अनुसार, मोहन उर्फ मोनू मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बागपत क्षेत्र से जुड़ा हुआ है और एक सक्रिय आपराधिक गैंग का सदस्य है। उसके खिलाफ बागपत में भी पांच मामले दर्ज हैं। उस पर हत्या के प्रयास के तीन मामले, अवैध हथियार रखने का एक मामला और चोरी का एक मामला दर्ज है। हरियाणा में भी रिटोली फायरिंग सहित उसके खिलाफ कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक वह वर्ष 2013 से आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय है।

## फिरौती की कॉल से सहम गए लोग, रसूखदार आम लोगों में और भी डर

# अब फोन उठाने से भी डरने लगे रईस 20 से ज्यादा व्यापारी नेता निशाने पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

राजनीतिक रूप से प्रदेश का अहम केंद्र माने जाने वाले रोहतक में इन दिनों फिरौती मांगने वाले गिरोहों की सक्रियता ने व्यापारियों, नेताओं और बिजनेसमैन की चिंता बढ़ा दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जिले में करीब 20 से अधिक प्रभावशाली लोगों को धमकी भरे फोन आ चुके हैं। कॉल करने वाले खुद को गैंग से जुड़ा बताकर करोड़ों की मांग कर रहे हैं। धमकी देने के लिए ज्यादातर विदेशी नंबरों और व्हाट्सएप कॉल का इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे पुलिस के सामने तकनीकी चुनौती खड़ी हो रही है। कई मामलों में पीड़ितों को सुरक्षा मुहैया कराई गई है, सवाल यह है कि आखिर इन गुर्गों तक पुलिस क्यों नहीं पहुंच पा रही।

### कारोबारी वर्ग में दहशत का माहौल

शहर के कारोबारी वर्ग में दहशत का माहौल है। कई लोग खुलकर सामने नहीं आ रहे, लेकिन अंदरखाने भय साफ दिखाई दे रहा है। बढ़ते मामलों से आशंका जताई जा रही है कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो गैंगवार जैसी स्थिति बन सकती है।


### गंभीरता से जांच की जा रही



*हर शिकायत की गंभीरता से जांच की जा रही है। साइबर सेल और सीआईए टीमें कॉल डिटेल, लोकेशन और नेटवर्क ट्रेस करने में जुटी हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अपराधियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा और जिले में कानून व्यवस्था से कोई समझौता नहीं होगा।*


*-सुरेंद्र भौरिया, एसपी, रोहतक*

### डरने की जरुरत नहीं : ग्रोवर



सात समुंदर पार बैठकर धमकी देने वालों के लिए हरियाणा में कोई जगह नहीं है। सरकार का साफ संदेश है, किसी भी बदमाश को बख्शा नहीं जाएगा। हर व्यक्ति की सुरक्षा करना सरकार का फर्ज है। अगर बदमाशों में दम है तो हरियाणा की धरती पर बैठकर बदमाशी करके दिखाएं, पता चल जाएगा। हरियाणा में शांति और कानून सुरक्षा मजबूत रहे, इसके लिए पुलिस ने एनकाउंटर करके बदमाशों को पकड़ने का काम भी किया है। प्रदेश के लोगों को डरने की कतई भी जरूरत नहीं है। - **मनीष कुमार ग्रोवर**, पूर्व सहकारिता मंत्री

### एनकाउंटर ही इलाज :आनंद सिंह दांगी



कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री आनंद सिंह दांगी ने प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार पर बड़े सवाल उठाए हैं। कहा है किसी से भी फिरौती मांगना गलत है वह चाहे कोई भी हो। अकेले रोहतक में ही बदमाश 10 लोगों से फिरौती मांग चुके हैं। हर व्यक्ति की सुरक्षा करना सरकार की संवैधानिक जिम्मेदारी है। रोज चोरियां हो रही हैं। आए दिन लोगों के साथ छीना झपटी की वारदात हो रही हैं।

- **आनंद सिंह दांगी**, पूर्व विधायक महम।

### रास्ता भटक रहे हैं बेरोजगार: खाप



प्रदेश में रोजगार की कमी है। बेरोजगार युवक रास्ता भटक रहे हैं। समाज व सरकार को रोजगार के अवसर पैदा करने चाहिएं। जनसंख्या बढ़ रही है और नौकरियां घट रही हैं। सरकारी नौकरियों में भी कमी आई है और प्राइवेट सेक्टर में भी रोजगार घटा है। नौकरियां बढाने की जरूरत है।

-**अनिल राठी**, प्रधान, चौबीसी सर्वजातीय सर्वखाप पंचायत

### हरियाणा में सरकार नाम की कोई चीज नहीं



प्रदेश में आए दिन गैंगस्टरों के रंगदारी मांगने को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि हरियाणा में सरकार नाम की कोई चीज ही नहीं है। गैंगस्टर और बदमाशों को सरकार और प्रशासन का कोई भय नहीं है। कांग्रेस सरकार के समय गुंडा तत्वों ने हरियाणा छोड़ दिया था अब हरियाणा के अलावा बाकी राज्यों के गुंडा तत्व भी हरियाणा में ही गुंडागर्दी कर रहे हैं। प्रदेश में आमजन से लेकर नेता तक सभी डर के साए में जी रहे हैं। प्रदेश में जंगल राज कायम हो चुका है। आमजन की सुरक्षा अब राम भरोसे है।

- गुलशन ईश्पुनियानी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं प्रधान शौरी क्लॉथ मार्केट

### आम नागरिकों में असुरक्षा का माहौल



फिरौती की धमकियों ने आम नागरिकों में डर और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है। लोग अपने रोजमर्रा के काम करते समय भी भय के साये में जीने को मजबूर हैं, जिससे सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है। ऐसे हालात में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। प्रशासन और पुलिस को सख्त कदम उठाकर अपराधियों पर तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए ताकि जनता का भरोसा बहाल हो सके।

**हेमेंत बख्शी**, व्यापारी नेता

### दो दिन बाद प्रेस कांफ्रेंस में खुलासा करूंगा



हमारे कार्यकर्ताओं ने महम में प्रदर्शन किया है और एसडीएम विपिन कुमार को ज्ञापन सौंपा है। पूरी वारदात के बारे में और सरकार व पुलिस की कार्यप्रणाली से संबंधित सभी सवालों के जवाब दो दिन बाद प्रेस कांफ्रेंस करके दूंगा। प्रदेश में कानून व्यवस्था का दीवाला पिट चुका है। कोई भी सुरक्षित नहीं है। व्यापारियों को भी धमकी भरे कॉल आ रहे हैं। सरकार लोगों की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाए। - **बलराज कुंडू**, पूर्व विधायक महम।

## धान को पानी खा गया, गेहूं की नहीं हुई बिजाई

# पशुओं के साथ किसान बेचारा



*सैंपल, निगाना, गुढ़ाण और कटेसरा गांव की सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि में भरा बरसाती पानी*

- कई गांवों के किसानों ने खेतों से पानी निकालने की मांग उठाई
- तहसीलदार को सौंपा सीएम के नाम ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलानौर

कस्बे के गांव जिंदराण, सैंपल, निगाना, गुढ़ाण और कटेसरा के सैकड़ों एकड़ खेत पिछले सात महीनों से जलमग्न पड़े हैं। खेतों में भरे बरसाती पानी के कारण धान की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई, जबकि गेहूं की बिजाई भी नहीं हो सकी। लगातार दो फसलों के नुकसान से 70 से अधिक किसानों की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है।

हालात ऐसे हैं कि पशुओं के लिए चारे का संकट खड़ा हो गया है और किसानों के सामने परिवार का गुजारा चलाना भी मुश्किल हो गया है। समस्या से परेशान किसानों ने गुरुवार को कलानौर तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। किसानों ने बताया कि करीब सात महीने पहले हुई भारी बारिश के कारण खेतों में जलभराव हो गया था, जिसकी अब तक निकासी नहीं हो पाई है।

इस संबंध में वे कई बार संबंधित विभागों और अधिकारियों के समक्ष समस्या उठा चुके हैं, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं हुआ। अमित कुमार, नरेश, सुरेश, जगबीर, बलबीर, धर्मवीर, मनजीत, मुकेश और राम प्रसाद सहित आदि किसानों का कहना है कि लंबे समय से खेतों में पानी भरा रहने के कारण उनकी फसलें पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं और वे नई फसल भी नहीं उगा पा रहे हैं। इससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उनका कहना है कि यदि जल्द जलनिकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो वे खेती से वंचित हो जाएंगे, जो उनकी आजीविका का एकमात्र साधन है। किसानों ने सरकार से जलभराव की समस्या का शीघ्र समाधान कराने और नुकसान की भरपाई के लिए उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## नष्ट करने की बजाय बाजार में खपाई जब्त शराब

# जब्त शराब बेचने के आरोप में महम थाने के तीन पुलिसकर्मी निलंबित, थाना प्रभारी लाइन हाजिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महम थाना क्षेत्र में जब्त शराब को नियमानुसार नष्ट करने के बजाय कथित रूप से बाजार में बेचने का मामला सामने आने से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र भौरिया ने सख्त कार्रवाई करते हुए तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है, जबकि थाना प्रभारी को लाइन हाजिर किया गया है। जानकारी के अनुसार, करीब दस दिन पहले थाने में विभिन्न मामलों में जब्त शराब को नियमों के तहत नष्ट किया जाना था, लेकिन आरोप है कि पूरी शराब नष्ट नहीं की गई और बाहरी व्यक्तियों की मदद से उसे बाजार में बेच दिया गया। मामले की भनक लगते ही एसपी ने स्वतंत्र जांच के आदेश दिए और डीएसपी गुलाब सिंह को जांच सौंपी।

डीएसपी ने मालखाना रजिस्टर, जब्ती सूची और संबंधित कर्मियों के बयान लेकर जांच की, जिसमें निस्तारण प्रक्रिया में लापरवाही सामने आई। रिपोर्ट के आधार पर ईएचसी ज्योतिस्वरूप (मालखाना मोहरर), एमएचसी जयभगवान और एसए ईएसआई सतपाल को निलंबित किया गया, जबकि थाना प्रबंधक उप-निरीक्षक सुभाष को लाइन हाजिर किया गया है। एसपी ने कहा कि विभागीय अनुशासन और पारदर्शिता से कोई समझौता नहीं होगा तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## फसल बीमा योजना क्लेम 15 दिन में क्लीयर करें :डीसी



- डीसी ने कैंप कार्यालय में आयोजित जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक में दिए सख्त निर्देश

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों को सख्त निर्देश दिए कि वे खंड स्तर, उपमंडल स्तर एवं जिला स्तर पर कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करें। गत वर्षों से लंबित मुआवजा मामलों का निपटान 15 दिनों के भीतर सुनिश्चित के आदेश निर्देश डीसी ने दिए हैं। उन्होंने कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठकों में प्रत्येक खंड से किसानों को भी आमंत्रित किया जाए, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान समयबद्ध रूप से हो सके। डीसी वीरवार को कैंप कार्यालय में आयोजित जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। डीसी ने कहा कि रबी 2025-26 सीजन के तहत जिले में जौ, चना, सरसों, सूरजमुखी एवं गेहूं की फसलों का बीमा किया गया है। जिले में फसल बीमा का दायित्व भारतीय कृषि बीमा कंपनी को सौंपा गया है। गुप्ता ने स्पष्ट किया कि व्यापक प्राकृतिक आपदा की स्थिति में अधिसूचित क्षेत्र के आधार पर औसत पैदावार में कमी होने पर क्लेम दिया जाता है। वहीं जलभराव, ओलावृष्टि, बादल फटने जैसी घटनाओं से खड़ी फसल को नुकसान होने पर खेत स्तर पर क्लेम का प्रावधान है। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, कृषि उपनिदेशक डॉ. सुरेंद्र मलिक, सहायक सांख्यिकी अधिकारी विनोद कुमार, डीएसओ नवदीप, कॉपरेटिव बैंक के महाप्रबंधक वेद प्रकाश, फसल बीमा कंपनी के प्रतिनिधि गौरव, सचिन मिश्रा एवं सुनील भारती सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## गोसेवा आयोग चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग बोले जल्द जारी की होगी राशि

# सरकार की ओर ताक रहा भूखा गोवंश 10 माह से नहीं मिला अनुदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर की गोशालाओं में रहने वाला गोवंश भूखे पेट सरकार की ओर ताक रहा है। करीब दस माह से हरियाणा गोसेवा आयोग की ओर से इनके लिए कोई ग्रांट जारी नहीं की गई है। कई गोशालाओं की हालत तो ऐसी है कि बंद करने की नौबत आई हुई है। कुछ समाजसेवियों के प्रयास से ही चल रही हैं। हालांकि नगर निगम द्वारा संचालित एक गोशाला में राशि दी जा रही है। लेकिन आठ के संचालक सरकारी अनुदान का इंतजार कर रहे हैं। वहीं गोसेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग का कहना है कि 70 करोड़ रुपये का चैक जल्द ही गोशालाओं को भेजा जाएगा। इसके बाद सभी परेशानियां खत्म हो जाएंगी।

### नौ गोशाला में 12 हजार से ज्यादा गोवंश

शहर में इस समय करीब नौ गोशाला संचालित हैं। इनमें एक गोशाला पहरावर में नगर निगम द्वारा चलाई जा रही है। निगम के सूत्रों का कहना है कि इस गोशाला में करीब साढ़े 33 रुपये प्रति गाय प्रतिदिन के हिसाब से राशि दी जाती है। इसमें ढाई हजार से ज्यादा गोवंश रखा जाता है। इसके अलावा जेएलएन के पास, राजीव गांधी खेल परिसर के पास, पहरावर, श्री वैश्य व्यायामशाला, गौकर्ण के पास पिंजरापोल गोशाला, गोहाना रोड गोशाला सहित खिड़वाली में गोशाला का संचालन किया जा रहा है। इनमें करीब 12 हजार से ज्यादा गोवंश रखा गया है। जिनकी संख्या कम ज्यादा होती रहती है।

### सरकार ने यह तय की है राशि

सरकार की ओर से गाय, बछड़े बछड़ी व नंदी के चारे के लिए रुपये तय किए गए हैं। बछड़े-बछड़ी के लिए प्रतिदिन दस, गाय के लिए 20 रुपये और नंदी के लिए 25 रुपये दिये जा रहे हैं। इसके अलावा और कई तरह की सब्सिडी दी जा रही हैं।

### अब 70 करोड़ का चेक भेजेंगे



सरकार की तरफ से चार माह पहले ही करीब 88 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई थी। इसके अलावा अब 70 करोड़ का चेक बन चुका है। जिसे सरकार की तरफ से जल्द ही भेजा जाएगा। गोवंश बचाने व गोशाला बढ़ाने के लिए राज्य सरकार का पूरा ध्यान है। गोशाला संचालकों को कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। -**श्रवण कुमार गर्ग**, चेयरमैन, गोसेवा आयोग

### कोई मदद नहीं मिली



करीब दस माह से कोई आर्थिक मदद नहीं मिली है। वह कई बार मांग उठा चुके हैं। ऐसे में चारे की व्यवस्था कैसे हो पाएगी। सरकार को चाहिए कि साल में कम से कम दो बार ग्रांट जारी किए जाए। इन हालात में गोशाला संचालक करना बहुत ही मुश्किल कार्य है।

-**डॉ जगदीश मलिक**, गोशाला संचालक

### अप्रैल से नहीं मिली ग्रांट



अप्रैल 2025 के बाद से लेकर अब तक हमारे पास कोई ग्रांट नहीं आई है।जबकि गोवंश को तो रोजाना सुबह और शाम को चारा चाहिए। महंगाई के कारण चारे के दाम बढ़ते जा रहे हैं। अपने स्तर पर और समाजसेवियों की मदद से ही काम चल रहा है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि जल्द कोई ग्रांट जारी की जाए।

-**सुभाष तायल**, श्री वैश्य व्यायाम गोशाला

### हमें आज तक नहीं मिला अनुदान

राजीव गांधी खेल परिसर के पास स्थित गोशाला करीब 2015 से चलाई जा रही है। पुल के नीचे बनाई गई जगह में करीब 800 गोवंश है। जिन्हें आज तक सरकार से कोई अनुदान नहीं मिला है। अपनी मेहनत और आमजन के सहयोग से ही यह गोशाला चलाई जा रही है। जबकि कई बार प्रशासन और सरकार से मांग की गई है कि अनुदान दिया जाए। -**पुष्पा राणा**, गोशाला, सेक्टर छह

## लक्ष्य निर्धारित कर समयबद्ध योजना बनाकर आगे बढ़ें



**रोहतक।** राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में करियर गाइडेंस विषय पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में टीआईटी संस्थान भिवानी से डॉ. नेहा एवं डॉ. प्रीती ने छात्राओं को विभिन्न करियर विकल्पों, प्रतियोगी परीक्षाओं, उच्च शिक्षा के अवसरों तथा कौशल विकास के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने छात्राओं को अपने लक्ष्य निर्धारित करने एवं समयबद्ध योजना बनाकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह हुड्डा ने की। करियर के प्रति जागरूक रहने और निरंतर परिश्रम करने का संदेश दिया।

स्पेशलः वर्ल्ड रेडियो-डे

# ज्ञान-विज्ञान-मनोरंजन का खजाना
# रेडियो का सफर है बहुत सुहाना



बच्चो, एक समय था, जब घर-घर में लोग रेडियो सुनते थे। रेडियो के माध्यम से देश-विदेश के समाचार मिलते थे। ज्ञान-विज्ञान का खजाना होता था रेडियो। मनोरंजन का एक बहुत बड़ा साधन था रेडियो। आज भी लोग रेडियो सुनते हैं, इसका अपना एक अलग महत्व है। रेडियो की शुरुआत कैसे हुई, तुम्हारे लिए इससे जुड़ी कुछ जानकारियां।

जानकारी
शिखर चंद जैन

बच्चो, तुमने घर में अपने दादा जी को बड़े ध्यान से रेडियो सुनते देखा होगा। यही नहीं तुम भी कार या कैब में एफएम रेडियो पर सुरीले गीत और मनोरंजक कार्यक्रम सुनते होगे। तुम्हारे मन में कभी-कभी यह सवाल आता होगा, रेडियो की शुरुआत कैसे और कब हुई? यह कैसे इतना लोकप्रिय हो गया? आज विश्व रेडियो दिवस (13 फरवरी) के अवसर पर जानो, रेडियो से जुड़ी कुछ रोचक बातें।

**संचार का सशक्त माध्यमः** बच्चो, रेडियो सिर्फ एक मशीन नहीं, बल्कि एक ऐसा दोस्त है, जो बिना चेहरा दिखाए हमें दुनिया से जोड़े रखता है। हर साल 13 फरवरी को दुनिया भर में विश्व रेडियो दिवस मनाया जाता है, ताकि संचार के इस पुराने सशक्त माध्यम के महत्व को समझा और सराहा जा सके।

**स्वतंत्रता आंदोलन का साथी रेडियोः** बच्चो, भारत की आजादी की लड़ाई में रेडियो का बड़ा योगदान रहा है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान रेडियो ने स्वतंत्रता सेनानियों के संदेश प्रसारित कर आम नागरिकों को जागरूक किया था। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में उषा मेहता के 'कांग्रेस रेडियो' और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के 'आजाद हिंद रेडियो' जैसे प्रयासों ने जन-जागरण में अहम भूमिका निभाई थी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने जर्मनी से और बाद में सिंगापुर/रंगून से रेडियो के जरिए ही देशवासियों को आजादी की लड़ाई के लिए प्रेरित किया, साथ ही स्वतंत्रता संघर्ष को नई दिशा दी। रेडियो ने गांवों तक आजादी के संघर्ष की खबरें पहुंचाईं, जिससे देश भर में एकजुटता बढ़ी। बच्चो, जरा सोचो रेडियो बिना लाखों लोगों तक हमारे स्वतंत्रता सेनानियों की आवाज भला कैसे पहुंचती?



**ज्ञान के प्रसार में सहायकः** आजादी के बाद रेडियो ने साक्षरता, स्वास्थ्य, जागरूकता और कृषि ज्ञान के प्रसार में बड़ी भूमिका निभाई। यह दूर-दराज के गांवों, पहाड़ी इलाकों और रेगिस्तानी क्षेत्रों में भी स्थानीय भाषाओं में समाचार और मनोरंजन प्रसारित करने वाला सबसे प्रभावी माध्यम बना। स्वतंत्रता की घोषणा से लेकर, महात्मा गांधी, पंडित नेहरू के भाषण और ऐतिहासिक पलों की कमेंट्री रेडियो ने ही घर-घर में पहुंचाई।

**संकटमोचन की भूमिका में रेडियोः** बच्चो, प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, चक्रवात आदि के समय जब अन्य संचार साधन ठप हो जाते हैं, तब रेडियो ही दूर-दराज में रहने वाले देशवासियों को जरूरी सूचनाएं देता है। वर्तमान समय में आकाशवाणी और एफएम चैनलों के माध्यम से प्रधानमंत्री की 'मन की बात' जैसे कार्यक्रमों के जरिए रेडियो देश के हर तबके तक जुड़ा हुआ है।


**रेडियो के विकास में भारत का योगदानः** वैसे तो पहला व्यावहारिक रेडियो 1895 में गुग्लिएल्मो मार्कोनी द्वारा बनाया गया था, लेकिन भारतीय वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु ने 1895 में बिना तार के सिग्नल भेजने का प्रदर्शन कर दिया था। भारत में पहला रेडियो प्रसारण जून 1923 में बॉम्बे रेडियो क्लब द्वारा किया गया था। अपने देश का ऑल इंडिया रेडियो 99 प्रतिशत जनसंख्या तक पहुंच के साथ दुनिया के सबसे बड़े प्रसारकों में से एक है।


जगदीश चंद्र बसु

**जमीन से लेकर अंतरिक्ष तक रेडियोः** बच्चो, रेडियो तरंगें अंतहीन होती हैं। यदि इन्हें कोई अवशोषित नहीं करता है तो ये अनंत काल तक यात्रा कर सकती हैं। रेडियो बिजली के बिना भी काम करता है। पुराने ट्रांजिस्टर (रेडियो) बैटरी या सेल से चलते थे। रेडियो तरंगें न केवल ध्वनि, बल्कि खगोलीय पिंडों (ग्रहों, तारों) से भी उत्सर्जित होती हैं, जिनका अध्ययन रेडियो टेलीस्कोप से किया जाता है।

**भारत में आकाशवाणीः** ऑल इंडिया रेडियो को 1957 में आधिकारिक तौर पर 'आकाशवाणी' का नाम दिया गया। 14-15 अगस्त 1947 की मध्यरात्रि को नेहरू जी का भाषण ऑल इंडिया रेडियो से ही प्रसारित हुआ था। मां दुर्गा की लोकप्रिय 'महिषासुर मोर्दिनी' (महालया) भारत के सबसे पुराने रेडियो कार्यक्रमों में से एक है, जो 1931 से प्रसारित हो रहा है। *

### कुछ रोचक तथ्य



**दुनिया का पहला रेडियो स्टेशनः** बच्चो, दुनिया का पहला व्यावसायिक रेडियो स्टेशन 1920 में अमेरिका में शुरू हुआ था, जबकि भारत में बड़े स्तर पर रेडियो प्रसारण 23 जुलाई 1927 को मुंबई से शुरू हुआ था।

**पहली सिग्नेचर धुनः** ऑल इंडिया रेडियो की मशहूर धुन किसी भारतीय ने नहीं बल्कि एक यहूदी शरणार्थी वाल्टर कॉफमैन ने बनाई थी, जो आज भी ऑल इंडिया रेडियो की पहचान है।

**रेडियो सुनने के लिए लाइसेंसः** आज लोग भले ही कभी भी कहीं भी रेडियो सुन सकते हैं, लेकिन 1920 के दशक में भारत में रेडियो सुनने के लिए बाकायदा लाइसेंस लेना पड़ता था। 1927 में अपने देश में रेडियो लाइसेंस धारकों की संख्या मात्र 3,594 थी।



# बहुत अनोखी झील है ब्लैक सी

बच्चो, दक्षिण-पूर्व यूरोप और पश्चिमी एशिया के बीच स्थित ब्लैक सी, कई मायने में सामान्य झीलों से अलग है। ब्लैक सी के निर्माण और इसकी कुछ विशेषताओं के बारे में तुम भी जानो।

यह भी जानो
नयनतारा

बच्चो, ब्लैक सी यानी काला सागर, वास्तव में कोई समुद्र नहीं बल्कि एक विशाल झील है। यह चारों तरफ से जमीन से घिरी हुई है। यह दक्षिण पूर्वी यूरोप और पश्चिमी एशिया के बीच स्थित है। ब्लैक सी के तट छह देशों की सीमाओं को स्पर्श करते हैं। ये देश हैं- यूक्रेन, रूस, जॉर्जिया, तुर्की, बुल्गारिया और रोमानिया।



**संसार का सबसे बड़ा मेरोमिक्टिक बेसिनः** भौतिक दृष्टि से ब्लैक सी संसार का सबसे बड़ा मेरोमिक्टिक बेसिन है। 'मेरोमिक्टिक' का अर्थ यह है कि इसका गहरा पानी अनॉक्सिक है यानी उसमें ऑक्सीजन का अभाव है। इस कारण उसका गहरा पानी, ऊपरी परत के ऑक्सीजन युक्त पानी में मिश्रित नहीं होता है। पानी में ऑक्सीजन न होने की वजह से यह 'डेड जोन' बन जाता है, जिसमें 150 मीटर के नीचे कोई समुद्री जंतु या पौधा जीवित नहीं रह पाता है।

**इसलिए कहते हैं ब्लैक सीः** बच्चो, तुम्हारे मन में सवाल उठता होगा कि इस झील को ब्लैक सी क्यों कहते हैं? दरअसल, अधिक ठंड के मौसम में ब्लैक सी में तेज तूफान उठता है, जिससे वह काले रंग के खतरनाक जल प्रवाह के रूप में दिखता है, इसीलिए इस झील को 'ब्लैक सी' नाम से जाना जाता है। इसके अतिरिक्त, प्राचीन समय में तुर्की देश के नाविक उत्तर दिशा (जहां यह सागर स्थित है) को अपने कलर-कोडेड दिशा सूचक व्यवस्था में 'ब्लैक' कलर से प्रदर्शित करते थे, इसलिए भी इसे 'ब्लैक सी' कहा जाता है।

**ऐसे हुआ ब्लैक सी का निर्माणः** भू-वैज्ञानिकों का मानना है कि ब्लैक सी लगभग 7,500 साल पहले बनी, जब मेडिटेरेनियन यानी भूमध्य सागर में जबर्दस्त उफान आया और उसका विशाल जल प्रवाह बोस्फोरस स्ट्रेट (तुर्की के इस्तांबुल शहर में स्थित एक स्थल) को पार कर एक ताजा पानी की झील में पहुंच गया। इस प्रकार इस अनोखी झील, ब्लैक सी का निर्माण हुआ। *

### ब्लैक सी से जुड़े कुछ अन्य तथ्य

**ब्लैक सी** के गहरे पानी में चूंकि ऑक्सीजन नहीं है इसलिए उसमें मौजूद कोई भी लकड़ी हजारों साल तक गलती नहीं है। यही वजह है कि करीब 2,000 साल पहले इसमें डूबे पानी के जहाजों की लकड़ियां आज भी मौजूद हैं। इस सागर में लहरें नहीं उठती हैं, पानी किसी झील या तालाब की तरह शांत रहता है। नीचे का खारा पानी और ऊपर का ताजा पानी आपस में मिलते नहीं हैं। ऐसा लगता है जैसे दो अलग सागर एक-दूसरे के करीब हों।

कविता / सूर्यकुमार पांडेय

## दांत बन गए नेल कटर

अटर-पटर चटर-पटर,
गेहूं, चावल, दाल, मटर,
फल, मेवे, गुड़ और शक्कर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
झटपट वे बिल के अंदर,
चटपट आ जाते बाहर।
रोटी, बिस्कुट, ब्रेड, बटर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
खाते प्लास्टिक की चेयर,
नरम पुराने फर्नीचर,
प्लास्टिक के पाइप, वायर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
तकिया, गद्दे और चादर,
कोट, शर्ट, ऊनी स्वेटर,
काट रहे पेपर-वेपर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
बड़े चटोरे, बड़े जबर,
मूंगफली, अखरोट कुतर,
दांत बन गए नेल कटर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।



## बूझो तो जानें



1 गुजर सके हर एक वस्तु से
पर नजरों से गुम,
कहो कौन-सी किरणें हैं ये
जल्दी बूझो तुम।



2 एक मशीन इलेक्ट्रॉनिक है
बिजली से है चलता,
चित्र खींचता, खेल खिलाता
गणनाएं भी करता।।

3 चाहे हों ये दाएं-बाएं
अथवा ऊपर-नीचे,
लोहे की चीजों को झटपट
पलक झपकते खींचे।।

-डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल

उत्तर : 1.एक्स-रे, 2.कंप्यूटर, 3.चुंबक

## जीके क्विज-192

1. भारतीय टीम ने किस देश की टीम को हराकर अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता?
2. 'हैरी पॉटर' किसकी रचना है?
3. भारत के वर्तमान रेलमंत्री कौन हैं?
4. रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की थी?
5. मानव शरीर की सबसे छोटी अस्थि (बोन) का नाम क्या है?
6. गुरुत्वाकर्षण की खोज किस वैज्ञानिक ने की थी?
7. भारत के पहले फील्ड मार्शल कौन थे?
8. सौरमंडल के किस ग्रह को 'लाल ग्रह' भी कहा जाता है?
9. नमक का रासायनिक नाम क्या है?
10. हाइड्रोजन की खोज किसने की थी?



बच्चो, जीके क्विज-192 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-191 का उत्तरः** 1.निर्मला सीतारमण, 2.कलिंगा लांसर्स, 3.सुभाष चंद्र बोस, 4.पीवी सिंधु, 5.साइरस, 6.अजमेर और दिल्ली, 7.आर.के. षणमुखम चेट्टी, 8.बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय, 9. प्लेटिनम, 10.ओडिशा

**जीके क्विज-191 का सही उत्तर देने वालेः** सतीश-रायपुर, आरसी-कोरबा, आदित्य-मुंगेली, श्रेया-गैसाबाद, कबीर-हिसार, विशाल-रोहतक, राजेश-रायपुर, पंकज-बिलासपुर, पल्लवी-बलौदा बाजार, हर्षित-महासमुंद, चंदन-रायगढ़



कहानी
हरीश कुमार अमित

परीक्षाएं क्या पास आईं, शशांक खेलना-कूदना बंद करके दिन-रात पढ़ाई में जुट गया। उसके दादा जी को इस तरह हमेशा पढ़ाई करते रहना सही नहीं लगा। एक दिन दादा जी ने शशांक को जो बातें समझाईं, अच्छे नंबर लाने के लिए, ये बातें हर बच्चे को जाननी चाहिए, तुम भी जानो।

# परीक्षा का तनाव


एआई इमेज

परीक्षा करीब आने से शशांक बड़े तनाव में था। कुछ दिनों बाद ही उसकी वार्षिक परीक्षाएं, जो शुरू होने वाली थीं। परीक्षा की तैयारी के लिए उसके स्कूल में छुट्टियां घोषित कर दी गई थीं। शशांक पढ़ने में होशियार था। हमेशा अच्छे अंक लाता था। उसके तनाव का कारण यह डर था कि कहीं इस बार उसके अंक कम न आ जाएं। परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए वह सारा दिन पढ़ाई करता रहता। ज्यादा पढ़ाई करने के लिए उसने अपनी नींद भी कुछ कम कर दी थी।

एक दिन दोपहर के समय शशांक पढ़ाई कर रहा था कि तभी उसके होम टाऊन से दादा जी आ गए। साल में एक-दो बार वह कुछ दिनों के लिए शशांक के पास जरूर आ जाया करते हैं। दादा जी का साथ उसे बहुत भाता है। उनसे शशांक का दोस्त जैसा रिश्ता है।

शाम को दादा जी पार्क में सैर करने के लिए जाने लगे तो उन्होंने शशांक से पूछा, 'बेटा, क्या आज तुम्हें अपने दोस्तों के साथ खेलने नहीं जाना?'

'नहीं दादा जी, मुझे परीक्षा की तैयारी करनी है न, इसलिए इन दिनों शाम को दोस्तों के साथ खेलने के लिए नहीं जा रहा हूं।'

दादा जी सैर करके वापस आए, तो उन्होंने देखा कि शशांक अब भी अपनी किताब लिए बैठा है। यह देखकर उन्होंने हैरानी से पूछा, 'अरे बेटा, क्या बात है? तुम शाम को टीवी नहीं देख रहे? तुम तो शाम को टीवी देखा करते थे।'

'दादा जी, परीक्षाएं आने वाली हैं न, इसलिए इन दिनों टीवी देखना भी बंद है।' शशांक का जवाब सुनकर दादा जी चुप रहे, कुछ बोले नहीं। रात का खाना खाने के बाद दादा जी घर में ही थोड़ी देर टहलते जरूर हैं। उन्होंने शशांक को भी अपने साथ टहलने के लिए कहा, लेकिन उसने यह कहते हुए टहलने से मना कर दिया कि पढ़ाई करनी है, परीक्षाएं करीब हैं।

दादा जी हमेशा शशांक के कमरे में ही सोते हैं। रात को शशांक काफी देर बिस्तर पर ही बैठकर पढ़ाई करता रहा और फिर पढ़ते-पढ़ते ही सो गया। आधी रात को जब दादा जी की नींद खुली तो उन्होंने उठकर ट्यूबलाइट बंद की।

शशांक ने सुबह पांच बजे उठकर पढ़ने के लिए अलार्म लगाया हुआ था। सुबह जब अलार्म बजा तो वह बड़ी मुश्किल से उठ पाया। उसकी आंखों में नींद भरी थी। रात को देर से सोने के कारण वह ठीक तरह से पढ़ नहीं पा रहा था। बीच-बीच में उसे झपकी आ जाती।

छह बजे सैर करने जाते समय दादा जी ने शशांक से कहा कि वह भी थोड़ी देर सैर करने चले, लेकिन वह बोला, 'दादा जी, अब मुझे नींद आ रही है। मैं थोड़ी देर सोऊंगा।' दादा जी सैर करके घर वापस आए तब भी शशांक सो रहा था। वह तभी उठा जब मम्मी ने उससे कहा कि वह नाश्ता बनाने जा रही हैं, अब वह उठ जाए।

नाश्ता करने के बाद दादा जी ने शशांक को अपने पास बुलाया और बोले, 'बेटा, तुम परीक्षा की तैयारी के लिए मेहनत तो बहुत कर रहे हो, लेकिन अगर तुम कुछ बातों का ध्यान रखोगे तो इससे तुम्हें दो फायदे होंगे। एक तो तुम्हारी तैयारी और बढ़िया होगी और दूसरा, तुम्हें जो यह परीक्षा का डर सता रहा है, वह भी कम हो जाएगा।'

शशांक बड़े ध्यान से दादा जी की बात सुन रहा था। दादा जी आगे बोले, 'देखो बेटा, एक तो सारा दिन किताबें लेकर बैठने की बजाय बीच-बीच में थोड़ा ब्रेक ले लिया करो। थोड़ी देर दोस्तों के साथ खेलो, थोड़ी देर टीवी देखो, थोड़ी देर घर के लोगों से बातचीत करो। इसके अलावा इन दिनों अपनी नींद में भी कमी करने की जरूरत बिल्कुल नहीं है। पूरी नींद लो।'

'जी, दादा जी।' शशांक ने हामी भरी। 'इन बातों का ध्यान रखोगे तो इससे तुम्हारा दिमाग तरोताजा रहेगा, याद भी अच्छी तरह होगा और परीक्षा की ओर अच्छी तैयारी कर पाओगे। परीक्षा का डर भी तुम्हें कम लगेगा।' दादा जी ने शशांक को समझाया।

'मैं समझ गया, दादा जी।' शशांक कहने लगा। दादा जी की इन बातों का पालन शशांक ने उसी दिन से करना शुरू कर दिया। परीक्षाओं से लगने वाला उसका डर-तनाव कम हो गया था। अब वह शांत मन से और अच्छी तरह पढ़ाई कर पा रहा था।

कुछ दिनों बाद जब उसका परीक्षा परिणाम आया, तो उसके अंक उसकी उम्मीद से बहुत ज्यादा अच्छे थे। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## समझदारी सिखाती प्यारी कहानियां

बच्चो, अभी कुछ समय पहले ही एक बालकथा संग्रह 'दिन में सौ चांद' छपकर आया है। इसमें कुल पंद्रह कहानियां हैं। इनमें से अधिकतर कहानियों के पात्र पशु-पक्षी हैं। इन कहानियों को पढ़कर तुम्हारा मनोरंजन तो होगा ही, इनसे तुम्हारे भीतर समझदारी भी विकसित होगी।

'दिन में सौ चांद' कहानी में तुम पढ़ोगे कि किस तरह चतुर खरगोश, शेर को दिन में सौ चांद दिखाकर अपनी बात सही साबित कर देता है। सोनू, मोनू बकरियों और जंगू भेड़िए की कहानी 'सोनू की चालाकी' पढ़कर तुम सीख सकते हो कि अगर मुसीबत में भी धीरज और बुद्धि से काम लिया जाए तो मुसीबत से पार पाया जा सकता है। कुछ पक्षियों और एक सांप की कहानी 'हम अच्छे बने रहेंगे' यह सिखाती है कि अगर कोई हमारे साथ अच्छा व्यवहार न करे तो भी हमें अपना व्यवहार अच्छा ही रखना चाहिए। हमारा रूप-रंग कितना भी अच्छा क्यों न हो अगर हम परिश्रम नहीं करेंगे तो हमारा सम्मान नहीं होगा, यह सीख 'मेहनत का सम्मान' कहानी देती है। एक मछली और एक चिड़िया की दोस्ती की प्यारी सी कहानी है 'सोनचिड़ी और सोन मछली', जिसमें तुम पढ़ोगे कि सच्चा दोस्त वही होता है, जो मुसीबत में अपने दोस्त का साथ नहीं छोड़ता। इसी तरह 'सवाल का बवाल' कहानी पढ़कर तुम अपनी हंसी नहीं रोक पाओगे। कई रंगों की कहानियों से सजी यह किताब तुमको जरूर पसंद आएगी। *




**किताबः** दिन में सौ चांद (कहानी संग्रह), **लेखकः** गोविंद शर्मा, **मूल्यः** 175 रुपए, **प्रकाशकः** साहित्यागार, जयपुर

## अंतर बताओ


बच्चो, यहां पपी हाउस के बाहर बैठे एक क्यूट से पपी के दो चित्र दिए हैं। एक जैसे दिखने वाले इन चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम तीन मिनट में सभी पांच अंतर ढूंढ कर बताओ।



उत्तरः 1.पपी हाउस के ऊपर बाईं तरफ पेड़ की टहनी में एक पत्ती कम है। 2.पीछे बाईं तरफ शेडो कम दिख रही है। 3.पपी के बाएं पैर के ऊपर ब्राउन स्पॉट है। 4.पपी हाउस में ऊपर दाईं तरफ चिमनी बनी हुई है। 5.नीचे दाईं तरफ पत्तियों का रंग अलग है।

## रास्ता बताओ

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में हिरण के एक भूखे बच्चे को घास तक पहुंचना है। लेकिन वहां तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम हिरण के बच्चे को घास तक पहुंचने का सही रास्ता बताओ, ताकि वह घास खाकर अपनी भूख मिटा सके।



## कला, संस्कृति और रंगमंच का उत्सव: 'सारंग' व 'भारंगम' का भव्य समापन

# असम के शास्त्रीय नृत्य व लोक गायिका मालिनी अवस्थी के गीतों पर झूमे दर्शक

श्रीलंका के नाटक ने छोड़ी गहरी छाप

**अलग-अलग धुनों पर बैंड की प्रस्तुति ने माहौल में भरी ऊर्जा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते कलाकार, अभिनेत्री मेघना मलिक तथा दर्शक। फोटो : हरिभूमि

दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) में आयोजित 'सारंग' महोत्सव और नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी) के भारत रंग महोत्सव 'भारंगम' के 25वें संस्करण का गुरुवार को रंगारंग कार्यक्रमों के साथ भव्य समापन हो गया। चार दिवसीय इस आयोजन ने गीत-संगीत, नृत्य, अभिनय और रंगमंच के जरिए देश-विदेश की कला और संस्कृति को एक मंच पर प्रस्तुत किया। महोत्सव के शानदार आयोजन पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी यूनिवर्सिटी परिवार को शुभकामनाएं भेजीं। महोत्सव के अंतिम दिन 'सारंग' की शुरुआत प्रभु वंदना से हुई। इसके बाद असम के शास्त्रीय नृत्य सत्तरिया की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। दिल्ली के पार्थ हजारिका ग्रुप के कलाकारों ने 'सत्तरिया की आत्मा' नृत्य के माध्यम से भगवान कृष्ण की विभिन्न लीलाओं को मंच पर जीवंत कर दिया। नृत्य में चेहरे के भाव, हाथों की मुद्राएं और शरीर की लयात्मक गति के साथ अभिनय का अद्भुत संगम देखने को मिला। यह नृत्य वैष्णव भक्ति आंदोलन से जुड़ा है, जिसकी आध्यात्मिक अनुभूति दर्शकों ने पूरे मन से महसूस की। क्लासिकल डांस के बाद सुधीर रेखरी के म्यूजिक बैंड ने मंच संभाला। अलग-अलग गीतों की धुनों पर बैंड की प्रस्तुति ने माहौल को और भी ऊर्जावान बना दिया। दर्शक अपनी जगह पर झूमने को मजबूर हो गए। सुबह के सत्र में सीएम के ओएसडी वीरेंद्र बड़खालसा, भारतीय चित्र साधना फिल्म महोत्सव के संयोजक नरेंद्र ठाकुर, अभिनेत्री सुमित्रा हुड्डा पेडनेकर, फिल्म निर्देशक अतुल गंगवार सहित कई विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे।

### नाटक में संवादों के सबटाइटल स्क्रीन पर दिखाए

शाम के सत्र में भारत रंग महोत्सव 'भारंगम' के तहत श्रीलंका की अपूर्वा थिएटर ग्रुप ने नाटक 'कोलम्बा हाथे थोराना' का मंचन किया। सिंहली भाषा में प्रस्तुत इस नाटक में संवादों के सबटाइटल स्क्रीन पर दिखाए गए, जिससे दर्शकों को कथ्य समझने में आसानी हुई। दो घंटे की इस प्रयोगात्मक प्रस्तुति में प्यार, शादी और संघर्ष की कहानियों को तीन भागों में दर्शाया गया। संगीत, अभिनय और शारीरिक अभिव्यक्ति के जरिए इंसानी रिश्तों की नाजुकता, सामाजिक दबाव और राजनीतिक संघर्ष को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। भाषा की बाधा के बावजूद कलाकारों के सशक्त अभिनय ने दर्शकों को बांधे रखा।

### लोक गीतों के माध्यम से अभिनय और संगीत के गहरे संबंध को समझाया

समापन समारोह में पद्मश्री से सम्मानित प्रसिद्ध लोक गायिका मालिनी अवस्थी ने अवधी गीतों की प्रस्तुति देकर माहौल को लोक रंगों से भर दिया। शादी-विवाह में गाए जाने वाले लोक गीतों के माध्यम से उन्होंने अभिनय और संगीत के गहरे संबंध को समझाया। जैसे ही उन्होंने 'नखरे वाली बन्नो आई पिया' गीत गाया, पूरा परिसर तालियों और उत्साह से गूंज उठा। अभिनेत्री मेघना मलिक भी खुद को रोक नहीं पाईं और मंच पर थिरकने पहुंच गईं।

### डीएलसी सुपवा का चयन गर्व की बात

इस अवसर पर अभिनेता विक्रम कोचर, एंकर व रंगकर्मी श्रीवर्धन त्रिवेदी सहित कई हस्तियों ने छात्रों को मार्गदर्शन दिया। कुलगुरु डॉ अमित आर्य ने कहा कि एनएसडी द्वारा 'भारंगम' के आयोजन के लिए डीएलसीसुपवा को चुना जाना गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि 'सारंग' महोत्सव को दोबारा शुरू करने का संकल्प लिया गया था, जिसे अब एक नई पहचान मिली है। यह उत्सव न केवल यूनिवर्सिटी बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए कला और संस्कृति का यादगार संगम बनकर सामने आया।

### सीएम ने भेजीं शुभकामनाएं

सीएम के ओएसडी वीरेंद्र बड़खालसा ने इस शानदार आयोजन के लिए यूनिवर्सिटी के कुलगुरू डॉ अमित आर्य के साथ पूरे स्टाफ व छात्रों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जिस दिन से आयोजन शुरू हुआ था, उसी दिन से यहां के समाचार व चित्र मेरे पास पहुंच रहे थे। बुधवार को मैंने सीएम नायब सिंह सैनी को चित्र दिखाए और आयोजन के बारे में बताया, जिससे वह काफी खुश हुए। मेरे यहां आने की बात पता चलने पर उन्होंने यूनिवर्सिटी परिवार को इस शानदार आयोजन के लिए शुभकामनाएं देने के लिए कहा। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में यूनिवर्सिटी में होने वाले किसी आयोजन में वह (सीएम) हिस्सा लेने जरूर पहुंचेंगे।

**मार्केट न्यूज**

### रोहतक के तनिष्क शोरूम में 'वैलेंटाइन डे' की धूम, स्टडेड ज्वेलरी पर विशेष ऑफर के साथ नया कलेक्शन लॉन्च



रोहतक। प्यार और रिश्तों के उत्सव 'वैलेंटाइन डे' को खास बनाने के लिए देश के अग्रणी ज्वेलरी ब्रांड तनिष्क ने रोहतक वासियों के लिए अपने पिटारे खोल दिए हैं। शहर के तनिष्क शोरूम में इन दिनों स्टडेड ज्वेलरी (हीरे एवं रत्नों से जड़ित आभूषण) पर आकर्षक डिस्काउंट ऑफर्स की शुरुआत की गई है। इसके साथ ही, ब्रांड ने अपना बहुप्रतीक्षित 'वैलेंटाइन स्पेशल गिफ्टिंग कलेक्शन' भी आधिकारिक तौर पर लॉन्च कर दिया है।

**आधुनिक डिजाइन और शुद्धता का संगम:** रोहतक शोरूम में पेश किए गए इस नए कलेक्शन में बारीकी से तराशे गए डायमंड्स और कीमती रत्नों का उपयोग किया गया है। युवाओं की पसंद को ध्यान में रखते हुए कलेक्शन में मिनिमलिस्टिक पेंडेंट, हार्ट-शेप्ड इयररिंग्स, स्लीक ब्रेसलेट्स और कपल रिंग्स की विस्तृत रेंज उपलब्ध है। शोरूम प्रबंधन का दावा है कि यह कलेक्शन आधुनिक जीवनशैली और उत्सवों के लिए एकदम सटीक है।

**ग्राहकों के लिए विशेष सुविधाएं:** तनिष्क रोहतक के स्टोर मैनेजर ने बताया कि, "हमारा उद्देश्य इस वैलेंटाइन सीजन को हर कपल के लिए यादगार बनाना है। इसीलिए हमने न केवल डिजाइनों पर काम किया है, बल्कि ग्राहकों की जेब का ख्याल रखते हुए स्टडेड ज्वेलरी की मेकिंग चार्ज और वैल्यू पर विशेष ऑफर्स भी दिए हैं। रोहतक के ग्राहकों का भरोसा ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है।

**आर्टिकल के मुख्य बिंदु जो पाठकों को आकर्षित करेंगे:** गोल्ड एक्सचेंज पॉलिसी: पुराने सोने के बदले हीरे के आभूषण लेने पर बेहतरीन वैल्यू।

**पारदर्शिता:** तनिष्क की प्रसिद्ध 'कैरेटोमीटर' शुद्धता जांच और पारदर्शी बिलिंग।

**गिफ्टिंग रेंज:** हर बजट के लिए उपयुक्त उपहारों के विकल्प।

**बाजार में बढ़ी रौनक :** वैलेंटाइन सीजन के चलते रोहतक के मुख्य बाजार और तनिष्क शोरूम में ग्राहकों की भारी भीड़ देखी जा रही है।

### इंटर कॉलेज शतरंज में जाट कॉलेज द्वितीय



रोहतक। महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय (एमडीयू) द्वारा आयोजित दो दिवसीय इंटर कॉलेज शतरंज प्रतियोगिता में ऑल इंडिया जाट मेमोरियल कॉलेज, रोहतक की टीम ने अपनी बौद्धिक क्षमता का लोहा मनवाते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया है। यह प्रतियोगिता एमडीयू परिसर में 10 और 11 फरवरी को आयोजित की गई थी, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न कॉलेजों की टीमों ने हिस्सा लिया। जाट कॉलेज के खिलाड़ियों ने कड़े मुकाबलों में शानदार रणनीतिक खेल दिखाते हुए उप-विजेता का खिताब अपने नाम किया। वीरवार को विजेता टीम के कॉलेज पहुँचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया।

### इंटर कॉलेज ताइक्वांडो में जाट कॉलेज जीता



रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित अंतर महाविद्यालय पुरुष एवं महिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2025-26 में पुरुष वर्ग तथा महिला वर्ग में जाट कॉलेज रोहतक विजेता बना। ताइक्वांडो कोच अशोक कुमार ने बताया कि पुरुष वर्ग में जाट कॉलेज रोहतक की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। पं. नेकीराम कॉलेज रोहतक की टीम ने द्वितीय व राजकीय कॉलेज दुजाना की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं महिला वर्ग में जाट कॉलेज रोहतक की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीआरजीसी सोनीपत की टीम द्वितीय व जीवीएम गर्ल्स कॉलेज की टीम तृतीय स्थान पर रही।

## मॉडल स्कूल आंबेडकर चौक ने जीती पारस्परिक चेस चैंपियनशिप

**प्रतियोगिता में आंबेडकर चौक, सेक्टर-4, कलानौर, महम और सांपला शाखाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मॉडल स्कूल की विभिन्न शाखाओं के बीच आयोजित अंडर-14 पारस्परिक चेस चैंपियनशिप में अंबेडकर चौक स्थित शाखा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में अंबेडकर चौक, सेक्टर-4, कलानौर, महम और सांपला शाखाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. अरुणा तनेजा ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में रणनीतिक सोच, एकाग्रता और खेल भावना को बढ़ावा देना था। लड़कों की टीम वर्ग में अंबेडकर चौक शाखा के हर्षित, प्रणव, दैविक और तुषार ने उत्कृष्ट खेल दिखाकर ट्रॉफी जीती, जबकि सेक्टर-4 शाखा के अंश राठी, संभव, तन्मय और लक्ष्य की टीम रनर्स-अप रही। वहीं लड़कियों के वर्ग में सेक्टर-4 शाखा की गार्गी, स्नेहा, हर्षिता और तृषा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### वीसीए ने 24 रन से जीता मैच

रोहतक। एमएस सरस्वती क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मुकाबले में अचीवर्स क्रू इलेवन (वीसीए) ने रोमांचक मैच में गोयल क्रिकेट क्लब को 24 रन से पराजित किया। टॉस जीतकर अचीवर्स क्रू इलेवन (वीसीए) ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 352 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से अभिषेक सहारण ने ऐतिहासिक पारी खेलते हुए 130 गेंदों पर 185 रन बनाए। गोयल क्रिकेट क्लब की ओर से गेंदबाजी में आशीष यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 ओवर में 60 रन देकर 3 विकेट झटके।

### भविष्य के भारत के लिए कौशल विकास की आवश्यकता

रोहतक। राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय रोहतक में भारत केयर्स के द्वारा आयोजित भविष्य के भारत में कौशल विकास की आवश्यकता पर चर्चा की गई। भारत केयर्स की ओर से राहुल राजपूत ने बताया कि भारत केयर्स कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसबिलिटी के तहत बच्चों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी और साइबर सिक्योरिटी के लिए ऑनलाइन कोर्स करवाया जा रहा है जो पूर्णत निःशुल्क होगा। उन्होंने बताया कि भविष्य के भारत के लिए कौशल विकास की आवश्यकता है। इन कोर्स को बच्चे बाजार आधारित एआई की आवश्यकता को समझते हुए उसके अनुरूप अपना कौशल विकास कर सकते हैं।

### गुरुकुल विश्व भारती में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का समापन

रोहतक। भैयापुर लाढ़ौत रोड स्थित गुरुकुल विश्व भारती में आयुष विभाग और योग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'सूर्य नमस्कार कार्यक्रम' का वीरवार को समापन हुआ। इस विशेष स्वास्थ्य अभियान में विद्यालय के 416 विद्यार्थियों और 25 शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लेकर योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरुकुल के संस्थापक एवं संचालक आचार्य हरि दत्त रहे। आयुष विभाग का प्रतिनिधित्व डॉ. पूजा और डॉ. सुमन शेरावत ने अपनी टीम के साथ किया। योग विभाग के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार की 12 स्थितियों का विधिवत अभ्यास कराया।

### एसबीपी कंपनी ने गवर्नमेंट हाई स्कूल आसंडा को भेंट किए 47 ड्यूल डेस्क

सांपला। क्षेत्र के राजकीय उच्च विद्यालय आसंडा में सामाजिक उत्तरदायित्व की मिसाल पेश करते हुए एसबीपी कंपनी, सांपला द्वारा 47 ड्यूल डेस्क भेंट किए गए। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कंपनी के सीईओ मनोज कौशिक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत संबोधन से हुई। मुख्य अध्यापक नारायण सिंह ने मुख्य अतिथि मनोज कौशिक को बुके भेंट कर सम्मानित किया तथा विद्यालय परिवार की ओर से उनका आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में फर्नीचर की कमी लंबे समय से महसूस की जा रही थी, जिसे कंपनी के सहयोग से काफी हद तक पूरा किया जा सका है।

**MANSAROVER HOSPITAL**
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
**REQUIRES**
- BAMS 2
- RMO 2
- PRO 2
- NURSING STAFF 4
- ACCOUNTANT 1
- COMPUTER OPERATOR 2
- RECEPTION 2
- WARD BOY 4
- SWEEPER 2

**पहल** नेकीराम कॉलेज में गुरुग्राम के छात्र हेमंत व शिवम ने विज्ञान प्रदर्शनी लगाई

# ग्रीन ब्रीद तकनीक से हवा होगी साफ

- प्रदेशभर के कॉलेजों के विद्यार्थियों ने लिया भाग

रोहित डागर ▶▶| रोहतक

पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में राज्य-स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें पूरे हरियाणा प्रदेश से कॉलेजों ने भाग लिया। द्रोणाचार्य गवर्नमेंट कॉलेज गुरुग्राम के छात्र हेमंत व शिवम ने विज्ञान प्रदर्शनी लगाई थी। उन्होंने बताया कि देश में वायु प्रदूषण बहुत ज्यादा बढ़ रहा है। उन्होंने बताया बढ़ते वायु प्रदूषण और पराली जलाने की समस्या का समाधान सामने निकाला है। हमने ग्रीन ब्रीद एक तकनीक विकसित की है। ग्रीन ब्रीद तकनीक न केवल हवा को शुद्ध करने का दावा करती है, बल्कि यह कचरे से कमाई करने का एक नया मॉडल भी पेश कर रही है।



रोहतक। विज्ञान प्रदर्शनी के साथ छात्रा श्रुति और सानिया तथा हेमंत व शिवम। फोटो : हरिभूमि

### 'ग्रीन ब्रीद' तकनीक

शिवम ने बताया कि यह एक एल्गी आधारित एयर प्यूरीफायर सिस्टम है। इसमें पानी व विशेष प्रकार की एल्गी का उपयोग होता है। यह सिस्टम रात के समय, जब प्रदूषण का स्तर नीचे होता है, हवा को खींचकर पानी और एल्गी के बीच से गुजारता है। इससे भारी प्रदूषित कण पानी में बैठ जाते हैं और शुद्ध हवा बाहर निकलती है। दिन में फोटोसिंथेसिस की प्रक्रिया के जरिए यह एल्गी कार्बन डाइऑक्साइड सोखकर भारी मात्रा में ऑक्सीजन छोड़ती है।

### पराली की समस्या का समाधान और किसानों को लाभ

हेमंत ने बताया कि इस प्रोजेक्ट का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा बायोचार का उत्पादन है। ग्रामीण इलाकों में किसान पराली जलाने के बजाय उसे इस सिस्टम के लिए बेच सकेंगे। पराली और खराब एल्गी को 'बायोचार फैक्ट्री' में प्रोसेस कर एक काला कोयला नुमा पदार्थ बनाया जाता है, जिसे 'बायोचार' कहते हैं। यह मिट्टी की नमी सोखने की क्षमता बढ़ाता है, जिससे हरियाणा जैसी रेतीली जमीन पर भी धान की अच्छी फसल ली जा सकेगी।

### रिमोट सेंसिंग तकनीक का उपयोग करके पृथ्वी और ज़मीन की बेहतर प्लानिंग

गवर्नमेंट महिला पीजी कॉलेज पंचकूला की छात्रा श्रुति और सानिया ने रिमोट सेंसिंग तकनीक की प्रदर्शनी लगाई थी। उन्होंने बताया कि रिमोट सेंसिंग तकनीक का उपयोग करके हम पूरी पृथ्वी और ज़मीन की बेहतर प्लानिंग कर सकते हैं। यह तकनीक ऊपर से पूरे शहर या क्षेत्र का दृश्य प्रदान करती है, जिससे यह समझना आसान हो जाता है कि कहाँ खेती करनी है और कहाँ निर्माण कार्य। इसरो जैसे संस्थान इस सैटेलाइट डेटा का विश्लेषण करते हैं ताकि संसाधनों का सही उपयोग हो सके। उन्होंने बढ़ती जनसंख्या के कारण ज़मीन कम पड़ रही है, इसलिए छात्रों ने हॉरिज़ॉन्टल (फैली हुई) इमारतों के बजाय वर्टिकल (बहुमंजिला) इमारतों और फ्लाईओवर्स के महत्व पर जोर दिया है। रिमोट सेंसिंग की मदद से मिट्टी की उर्वरता और फसल की गुणवत्ता जांची जा सकती है। इससे किसानों को यह जानने में मदद मिलती है कि उनकी ज़मीन के लिए कौन सी फसल सबसे अच्छी है।

## खबर संक्षेप



### विज्ञान प्रदर्शनी में पलवल कॉलेज की निलाक्षी व कुरुक्षेत्र की महक ने हासिल किया प्रथम स्थान

रोहतक। उच्चतर शिक्षा निदेशालय पंचकूला के सौजन्य से स्थानीय पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में राज्य-स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। विज्ञान विभाग में राजकीय महाविद्यालय पलवल कुरुक्षेत्र की निलाक्षी व महक ने प्रथम, एमएनएस राजकीय महाविद्यालय भिवानी की इशिका व प्रीति ने द्वितीय और राजकीय पीजी महाविद्यालय अंबाला कैंट के हिमांशु व दिव्या कंवर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि सर्वश्रेष्ठ व्याख्याकार का खिताब राजकीय महाविद्यालय नारनौल की दीक्षा के नाम रहा। प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सांगवान के दिशा-निर्देशन में आयोजित इस प्रतियोगिता में हरियाणा भर के महाविद्यालयों से आए युवा वैज्ञानिकों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा हार-जीत से कहीं अधिक महत्वपूर्ण विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास है।




### परंपरा, सम्मान और उमंग का संगम, एचडी पब्लिक स्कूल में ग्रैंड फेयरवेल समारोह सम्पन्न

रोहतक। बहुअकबरपुर स्थित एचडी पब्लिक स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में आयोजित ग्रैंड फेयरवेल समारोह संस्कार, संस्कृति और उत्साह का अद्भुत संगम बनकर हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की विशेष शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण एवं पावन यज्ञ के साथ हुई, जिसने भारतीय परंपराओं की सुंदर झलक प्रस्तुत की। इस अवसर पर स्कूल निदेशक सुरेंद्र फौगाट, शैक्षिक निदेशक कृष्णा बल्हारा फोगाट, प्रधानाचार्य दुलाल देब, पीजीटी स्टाफ, शिक्षकगण, अन्य कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने श्रद्धा से यज्ञ में आहुति अर्पित कर अनुशासन, निष्ठा और मेहनत के साथ बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी का संकल्प लिया।



### श्री लाल नाथ हिन्दू महाविद्यालय में तीन दिवसीय सूर्य नमस्कार अभियान का सफल समापन

रोहतक। श्री लाल नाथ हिन्दू महाविद्यालय में हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग के सहयोग से योग प्रशिक्षण प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित तीन दिवसीय सूर्य नमस्कार अभियान (10 से 12 फरवरी) का सफल समापन किया गया। कार्यक्रम का समापन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा की अध्यक्षता में हुआ। उन्होंने योग को भारतीय जीवन पद्धति की अनमोल धरोहर बताते हुए कहा कि सूर्य नमस्कार से शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और आत्मिक विकास संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों और स्टाफ के सहयोग की सराहना करते हुए सभी से इसे दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया।




### राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में एमडीयू एनएसएस टीम ने लहराया परचम, बनी बेस्ट टीम

रोहतक। मारवाड़ी कॉलेज, भागलपुर (बिहार) में आयोजित राष्ट्रीय एकीकरण शिविर (एनआईसी) में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) की एनएसएस टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे देश में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। इस शिविर में देश के 15 राज्यों की टीमों ने भाग लिया, जिसमें हरियाणा राज्य की तरफ से शामिल एमडीयू एनएसएस टीम के प्रभावशाली प्रदर्शन से प्रभावित होकर समापन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने हरियाणा एनएसएस टीम एमडीयू को प्रतिष्ठित बेस्ट टीम सम्मान से सम्मानित किया। रील मेकिंग प्रतियोगिता में सीआरए कॉलेज, सोनीपत के स्वयंसेवक हिमांशु ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सबका ध्यान आकर्षित किया। फोटोग्राफी प्रतियोगिता में हिमांशु और योगेश ने प्रथम स्थान हासिल कर हरियाणा का परचम लहराया।

### हिंदी कविता में चंचल ने प्रथम स्थान हासिल किया

सांपला। सर छोटू राम राजकीय महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम नवरंग का आयोजन शुरू हुआ। प्राचार्या डॉ संतोष हुड्डा ने इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियां छात्राओं के सार्वजनिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने छात्राओं को साहित्य और रचनात्मक अभिव्यक्ति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताए छात्राओं के बौद्धिक विकास में भी सहायक होती है। कविता प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने साहित्यिक उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया और अपनी कविताओं के माध्यम से आधुनिक समाज, प्रकृति और मानवीय संवेदनाओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में डॉ सुनील चौहान, डॉ सतीश कुमार, डॉ रितु, डॉ मीना कुमारी, नीलम, डॉ पूनम रहे। हिंदी कविता में प्रथम स्थान चंचल (बी ए तृतीय वर्ष) द्वितीय स्थान गरिमा (बीए प्रथम वर्ष)तृतीय स्थान पूजा ( बी ए प्रथम वर्ष)अंग्रेजी कविता पाठ में प्रथम स्थान चंचल (बी ए तृतीया वर्ष)द्वितीय स्थान हिमांशी (बी ए प्रथम वर्ष)तृतीय स्थान भावना ( बीए द्वितीय वर्ष)गीत- गायन में प्रथम स्थान देविका (द्वितीय वर्ष)द्वितीय स्थान सानिया (बीए प्रथम वर्ष)तृतीय स्थान रूबी (द्वितीय वर्ष) ने प्राप्त किया। इस कार्यक्रम की संयोजिका डॉक्टर सविता हुड्डा ने विजेता छात्राओं को बधाई दी और भविष्य में ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता के अंत में प्राचार्य डॉक्टर संतोष हुड्डा ने विजेताओं को सम्मानित किया।

### भाषायी कौशल पत्रकारिता की मजबूत नींव : परवीन के मोदी

रोहतक। भाषायी कौशल पत्रकारिता की मजबूत नींव है। प्रभावी भाषा ही रिपोर्टिंग को नया कलेवर और विश्वसनीयता प्रदान करती है। यह विचार परवीन के मोदी ने महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय (एमडीयू) के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में आयोजित विशेष व्याख्यान के दौरान व्यक्त किए। दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग एवं स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस व्याख्यान में उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन की आदत विकसित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सफल पत्रकार बनने के लिए प्रतिदिन समाचार-पत्र पढ़ना, विषयों की गहरी समझ विकसित करना और समय-सीमा (डेडलाइन) का पालन करना अत्यंत आवश्यक है। विभागाध्यक्ष प्रो. गुलाब सिंह ने अतिथि का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की भूमिका रखी। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन प्राध्यापक सुनित मुखर्जी ने किया। एडजंक्ट फैकल्टी प्रो. हरीश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकारिता का केंद्र समाज है, इसलिए विद्यार्थियों को सामाजिक सरोकारों के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए। डॉ. बेनुल तोमर ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि मीडिया के विद्यार्थियों को अपने कौशल को निरंतर निखारना होगा, तभी वे इस प्रतिस्पर्धी क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकेंगे।

हुडा सिटी पार्क में गरजीं ट्रेड यूनियनें, कहा, सफल रही स्ट्राइक

# हड़ताल से बाजार रहा बेअसर, बैंक आंशिक प्रभावित, डीसी कार्यालय में सामान्य रहा काम

**विभाग शामिल:** सिंचाई, लोक निर्माण, बिजली वितरण निगम, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में दिखी भागीदारी

**बैंकिंग :** सरकारी के अलावा प्राइवेट बैंक भी विरोध में रहे शामिल, स्टाफ ड्यूटी पर रहा, लेकिन डाउन रखा पेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

केंद्रीय ट्रेड यूनियन के आह्वान पर गुरुवार को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का जिले में कोई ज्यादा असर नहीं रहा। कुछ गिने-चुने सरकारी विभागों को छोड़ दें तो बाकी में कामकाज अन्य दिनों की तरह ही हुआ। केंद्र व राज्य सरकार की कर्मचारी, मजदूर व विभाग विरोधी नीतियों के खिलाफ इस मौके पर हुडा सिटी पार्क में तीन-चार घंटे तक विरोध जताया गया। इसके बाद संगठनों के कार्यकर्ता लघु सचिवालय पहुंचे। लेकिन अधिकारियों को ज्ञापन दिए बिना ही लौट गए। इससे पहले सोनीपत स्टेंड पर केंद्र सरकार का पुतला जलाकर विरोध जताया। और राष्ट्रव्यापी हड़ताल का समर्थन किया। सिंचाई विभाग, पीडब्ल्यूडी, रोडवेज, नगर निगम के कर्मचारियों की कार्यक्रम में अच्छी खासी भागीदारी रही। बैंकों पर गौर करें तो क्लर्क स्टॉफ पूरी तरह से हड़ताल पर था। जबकि अधिकारी हड़ताल में कम ही शामिल हुए। क्योंकि अधिकारियों की दो एसोसिएशन हैं, इनमें से एक ने ही हड़ताल का समर्थन किया था। विरोध का असर बाजार में बिल्कुल भी नहीं था। रोज की तरह ही चहल-पहल दिखाई दे रही थी। सरकारी के अलावा प्राइवेट बैंक भी विरोध में शामिल रहे। स्टॉफ ड्यूटी पर रहा। लेकिन पैन डाउन रखा। हालांकि कुछ निजी बैंक में कर्मचारी काम करते हुए भी दिखाई दे रहे थे।



मांगों के लिए प्रदर्शन करते विभिन्न विभागों के सदस्य।



मिड डे मील कर्मचारी।


आंगनबाड़ी वर्कर।

## बैंकों पर पसरा सन्नाटा

डीसी कार्यालय समेत दूसरे सरकारी विभागों में अन्य दिनों की तरह ही कामकाज हुआ। हड़ताल में सबसे ज्यादा संख्या आंगनबाड़ी वर्कर की रही। स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में भी हड़ताल का असर दिखाई दे रहा था। इसी प्रकार विकास भवन स्थित पंजाब नेशनल बैंक की ब्रांच में भी सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक सन्नाटा पसरा रहा। चूंकि हड़ताल पूर्व निर्धारित थी, इसलिए बैंकों में ग्राहक भी कम पहुंचे थे। हड़ताल से कितने करोड़ का लेनदेन प्रभावित हुआ, इसकी जानकारी जिले के लीड बैंक को नहीं थी। अधिकारियों ने कहा कि आजकल चैक क्लीरियेंस चंडीगढ़ में होते हैं। ऐसे में वहां ये मालूम होता है कि किस शहर में कितने चैक क्लीयर हुए। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में भी हड़ताल का असर दिखाई दे रहा था। कर्मचारी ऑफिस पहुंचे। लेकिन कार्य नहीं किया। हालांकि अधिकारियों का स्टॉफ अन्य दिनों की तरह ही ड्यूटी पर था और काम भी कर रहा था।

## श्रम कानून मजदूर विरोधी

केंद्र सरकार पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए कर्मचारी व मजदूर विरोधी श्रम कानून को लागू कर रही है। जो पूरी तरह कर्मचारी एवं मजदूर विरोधी है। कर्मचारी एवं मजदूरों के काम के घंटे को भी 8 से बढ़कर 12 घंटे किए जा रहे है। यूनियन बनाने के अधिकार को छीना जा रहा है, कर्मचारियों के हकों का हनन किया जा रहा है। इसी प्रकार कर्मचारियों को 58 साल तक विभाग में ईमानदारी से सेवा करने के बाद भी नाम मात्र की पेंशन दी जा रही है जबकि देश व प्रदेश के सांसद, विधायक, मंत्री, चार-चार पेंशन ले रहे हैं जो कर्मचारी के साथ अन्याय हो रहा है।

## ट्रांसफर पॉलिसी का विरोध

बिजली वितरण निगम कर्मचारी एसोसिएशन की राज्य कार्यकारिणी के आह्वान पर कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। यहां संगठन कर्ता सरदार अमरीक सिंह के निधन पर 2 मिनट का मौन भी धारण किया गया। कार्यक्रम में यूनिट के वरिष्ठ उप प्रधान यज्ञमितर दांगी व संगठन कर्ता दिनेश ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार निगम के कर्मचारियों पर जो ट्रांसफर पॉलिसी थोप रही है उसका निगम को भारी-भरकम नुकसान होगा। विरोध प्रदर्शन में यूनिट प्रधान अमित कुमार, सचिव सतीश कटारिया, सह सचिव मदन कुमार आदि मौजूद रहे।

## पीजीआई गैर शिक्षक कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन


रोहतक। मांगों के लिए वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. अशोक चौहान को ज्ञापन देते कर्मचारी संघ के प्रधान व अन्य। फोटो : हरिभूमि

**रोहतक।** केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के राष्ट्रीय आह्वान पर स्वास्थय विज्ञान विश्वविद्यालय गैर शिक्षक कर्मचारी संघ ने एकजुटता प्रदर्शित करते हुए युनियन कार्यालय में बैठक का आयोजन किया। मीटिंग की अध्यक्षता प्रधान वजीर सिंह ने की। प्रधान वजीर सिंह, वरिष्ठ उप प्रधान संजय सिंहमार, महासचिव धर्मेंद्र गोठवाल ने बताया कि राष्ट्रीय आहवान के चलते पीजीआई के कर्मचारियों ने भी मीटिंग आयोजित कर हड़ताल के मुद्दों का समर्थन किया। कर्मचारियों की मांगों की लगातार अनदेखी के चलते प्रदेश के कर्मचारियों में रोष बना हुआ है। हरियाणा सरकार से पीजीआई के कर्मचारियों को मिलने वाले पीजीआई अलाउंस को सातवें वेतन आयोग व पीजीआई चंडीगढ़ की तर्ज पर 690 रु से बढाकर 4100 रुपये किये जाने की मांग की। पीजीआई अलाऊंस में बढ़ोतरी से संबधित प्रस्ताव विवि कार्यकारी परिषद से पास होकर सरकार के पास विचाराधीन है। गैर शिक्षक कर्मचारी संघ ने पीजीआई में खाली पड़े पदों को भरने व भर्ती का अधिकार विवि को दिये जाने, विवि कर्मचारियों को कैशलैस मेडिकल सुविधा प्रदान करने, स्वास्थ्य विभाग, संस्थान की पैरामेडिकल श्रेणियों के नोमेनक्लेचर स्वास्थ्य विभाग, हरियाणा सरकार की तर्ज पर एकसमान किये जाने, विवि कार्यकारी परिषद से पास होकर गई फाईलों को जल्द अप्रूवल प्रदान करने, पुरानी पेंशन नीति की बहाली, प्रदेश में आठवे वेतन आयोग का गठन कर वेतन विसंगतियों को दूर करने, वेतन व अन्य विकास कार्यो के लिए बजट विश्वविधालयों को समय पर उपलब्ध कराने की मांग की। गैर शिक्षक कर्मचारी संघ पदाधिकारियों ने वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ अशोक चौहान से मुलाकात कर कर्मचारियों की मांगों से अवगत कराते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। मीटिंग में गैर शिक्षक कर्मचारी संघ सचिव अनीश अरोडा, पुष्पेन्द्र गर्ग, धर्मेंद्र, सुनील कुमार, अजीत कुमार, राजकुमार यादव, राजबीर माली, राजेश बांगड, ऋषि प्रकाश, लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन महासचिव शेर सिंह, अशोक कुंडू आदि मौजूद रहे।

## बिजली निगम कर्मचारियों ने किया दो घंटे प्रदर्शन

**रोहतक।** ट्रेड यूनियन द्वारा की हड़ताल के समर्थन में बिजली कर्मियों ने 2 घंटे का विरोध प्रदर्शन सब यूनिट नंबर 3 में किया। जिसमें स्टेट कार्यकारिणी में संगठन कर्ता सरदार अमरीक सिंह के निधन पर 2 मिनट का मौन धारण किया गया। यूनिट में वरिष्ठ उप प्रधान यज्ञमितर दांगी व संगठन कर्ता दिनेश ने कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार निगम के कर्मचारियों पर जो ट्रांसफर पॉलिसी लागू कर रही है उसका कर्मचारियों के साथ साथ निगम का भी भारी-भरकम नुकसान होगा। सब यूनिट प्रधान अमित कुमार, सचिव सतीश कटारिया, सह सचिव मदन कुमार, कैशियर रवि किरण आदि मौजूद रहे।

## महम में नगर पालिका कार्यालय के सामने गरजे विभिन्न संगठनों के कर्मचारी


महम। नपा कार्यालय के गेट पर धरना देते विभिन्न विभाग और संगठनों के कर्मचारी।

**महम।** महम के सरकारी कार्यालयों में कर्मचारियों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल का कोई खास असर देखने को नहीं मिला। अधिकतर सरकारी कार्यालयों में काम काज सुचारू रूप से चला। दिनभर रोडवेज बसें भी अपने निर्धारित रूटों पर चलती रही। हालांकि महम में नगर पालिका कार्यालय के सामने सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी धरने पर बैठे रहे और दिनभर सरकार के खिलाफ नारेबाजी का दौर चला। हड़ताल में नगर पालिका के सफाई कर्मचारी, मिड डे मिल वर्कर, आशा वर्कर, किसान संगठन, भवन निर्माण मजदूर और ग्रामीण सफाई कर्मचारी शामिल हुए। इस दौरान कर्मचारियों ने मजदूर विरोधी लेबर कोड, मनरेगा को खत्म करने के खिलाफ एवं सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने व पुरानी पेंशन बहाली की मांग की। हड़ताल की कार्रवाई की अध्यक्षता संजय कांगड़ा रामभगत, राजेंद्र डाबला व बबीता ने संयुक्त रूप से की।

---

## समाधान शिविर में तीन लोगों की सुनीं समस्याएं

**रोहतक।** समाधान शिविर में वीरवार को तीन व्यक्तियों की समस्याएं सुनी गई तथा मौके पर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को इनके निपटारे बारे आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। जिला मुख्यालय के अलावा सांपला व महम उपमंडल मुख्यालयों पर भी समाधान शिविर आयोजित कर नागरिकों की समस्याएं सुनी गई। लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण के सचिव वीरेंद्र सिंह ढुल, जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल तथा जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल समस्याएं सुनने वाले अधिकारियों की टीम में शामिल रहे।

## 'टैलेंटेड रितु इंसा' के फैशन शो में चमका उत्तर भारत का उभरता टैलेंट

■ टैगोर ऑडिटोरियम तालियों की गूंज से भर उठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के टैगोर ऑडिटोरियम में 'टैलेंटेड रितु इंसा' संस्था द्वारा आयोजित भव्य फैशन शो और फेयरवेल पार्टी में उत्तर भारत के उभरते टैलेंट ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के दौरान ऑडिटोरियम तालियों की गूंज से भर गया। इस अवसर पर रोहतक के मेयर राम अवतार वाल्मीकि विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में संस्था की फाउंडर रितु इंसान, को-फाउंडर रविंद्र सिवाच, रोहतक ब्रांच के डायरेक्टर रोहित पुनिया और अंजलि पुनिया भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस फैशन शो की खास बात इसकी अंतर्राज्यीय भागीदारी रही, जिसमें हरियाणा के विभिन्न जिलों के अलावा उत्तर प्रदेश, राजस्थान और पंजाब से भी बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया। मंच पर बच्चों ने आत्मविश्वास और स्टाइल के साथ अपनी प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को प्रभावित किया। यह कार्यक्रम उन प्रतिभागियों के लिए फेयरवेल पार्टी जैसा रहा, जिन्होंने पिछले तीन महीनों तक रितु इंसान के मार्गदर्शन में फैशन और प्रस्तुति की बारीकियां सीखी थीं।

## महिलाओं को दिया जाएगा आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

**रोहतक।** हरियाणा महिला विकास निगम पंचकुला द्वारा गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाली 18 से 45 वर्ष की लड़कियों व महिलाओं को बहादुरगढ़ तथा रोहतक में स्थित मारुति सुजुकी ट्रेनिंग सेंटर में 21 दिन का चालक प्रशिक्षण और आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। इच्छुक पात्र लड़कियां व महिलाएं आगामी 28 फरवरी तक आवेदन कर सकती हैं। सरकार द्वारा गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाली महिलाओं व लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम चलाया गया है। डीसी सचिन गुप्ता ने बताया कि हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से पात्र परिवारों की महिलाओं को चालक व आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## वृक्षारोपण, स्वास्थ्य जांच जैसे कार्यक्रम सेवा व अनुशासन का देते हैं संदेश : डॉ. विनोद कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग की ओर से गांव मकड़ोली कला में वृक्षारोपण एवं स्वास्थ्य जागरूकता और जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विश्वविद्यालय की आईक्यूंएसी के तत्वावधान में संपन्न हुआ। शिविर का शुभारंभ कुलपति प्रो. डॉ. बीएम यादव के मार्गदर्शन में कुलसचिव विनोद कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया।

कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि वृक्षारोपण और स्वास्थ्य जांच जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को सेवा, अनुशासन और जागरूकता का संदेश देते हैं। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे केवल पौधे लगाने तक ही सीमित न रहें, बल्कि उनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभाएं। मकड़ोली गांव के सरपंच यशपाल राठी ने पर्यावरण संरक्षण पर कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छ और हरित वातावरण जरूरी है। एनएसएस समन्वयक डॉ. मंजीत कुमार ने कहा कि पेड़-पौधे जीवन का आधार हैं और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में उनकी अहम भूमिका है।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. प्रमिला और सह-संयोजक डॉ. अरुणाचल (शिक्षा विभाग) के साथ डॉ. सीमा सहित अन्य संकाय सदस्य मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. प्रीति लाठवाल ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया।

## ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रॉस कंट्री चैम्पियनशिप 15 को

**रोहतक।** महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय (एमडीयू) की ओर से 15 फरवरी को ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रॉस कंट्री पुरुष चैम्पियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन एमडीयू खेल परिषद के तत्वावधान में विश्वविद्यालय परिसर में किया जाएगा। एमडीयू खेल परिषद की सचिव डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में एमडीयू के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जबकि विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत विशिष्ट अतिथि (गेस्ट ऑफ ऑनर) के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाएंगे। एथेलेटिक कोच डॉ रमेश सिंधु ने बताया कि इस प्रतियोगिता के अंतर्गत खिलाड़ियों की असेंबली प्रातः 6 बजे विश्वविद्यालय के फुटबॉल ग्राउंड में होगी। क्रॉस कंट्री दौड़ का शुभारंभ प्रातः 7.30 बजे किया जाएगा तथा दौड़ का समापन लगभग प्रातः 8 बजे विश्वविद्यालय के सिंथेटिक ट्रैक पर होगा।




## टेक्नो वीक की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों पर छात्रों का सम्मान

**रोहतक।** जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल में टेक्नो वीक के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में विशेष समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा पहली से नौवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस साप्ताहिक आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में सूचना प्रौद्योगिकी के प्रति जागरूकता बढ़ाना, रचनात्मकता विकसित करना और तकनीकी कौशल को मजबूत करना रहा। विद्यार्थियों ने ट्रस्क पेंट, पार्ट्स ऑफ कंप्यूटर ड्राइंग, हिस्ट्री ऑफ कंप्यूटर चार्ट मेकिंग, आईटी पर्सनैलिटीज व कंप्यूटर लैंग्वेज पर कोलाज, इंटरनेट स्लोगन लेखन, लेटेस्ट गैजेट्स पर पैराग्राफ लेखन, इमेज एडिटिंग पीपीटी और एनीमेशन जैसी गतिविधियों में अपनी प्रतिभा दिखाई। साइबर सिक्योरिटी सत्रों के माध्यम से डिजिटल सुरक्षा, ई-मेल निर्माण व ऑनलाइन टेस्ट की जानकारी दी गई। लैब एक्टिविटीज, माउस क्लिकिंग गेम और क्विज ने तकनीकी ज्ञान को बढ़ाया, जबकि कविता पाठ व फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही।

## दो साल से परेशानी उठा रहे ग्रामीण

## सोनीपत मार्ग पर सड़क निर्माण शुरू बोहर में जलभराव से मिलेगी राहत

■ ओवरफ्लो नाले के कारण ठप रहता था मुख्य मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


रोहतक। नारियल तोड़कर निर्माण कार्य का शुभारंभ करते सतीश नांदल, मेयर रामअवतार बाल्मिकी, मनोनित पार्षद रमेश लोहार, पार्षद प्रतिनिधि सुमित नांदल और नरेश काला। फोटो : हरिभूमि

बोहर गांव में सोनीपत की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर लंबे समय से चली आ रही जलभराव की समस्या से अब लोगों को राहत मिलने की उम्मीद जगी है। यहां सड़क निर्माण कार्य शुरू हो चुका है, जिसमें बीजेपी के उपाध्यक्ष सतीश नांदल, मेयर रामअवतार बाल्मिकी, मनोनित पार्षद रमेश लोहार, पार्षद प्रतिनिधि सुमित नांदल और नरेश काला मौजूद रहे। जिससे नाले का ओवरफ्लो पानी सड़क पर भरने की परेशानी खत्म होने की संभावना है। यह मार्ग बोहर गांव के साथ-साथ आसपास के कई गांवों और शहरवासियों के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी रास्ते से रोजाना हजारों छोटे-बड़े वाहन सोनीपत की ओर आवागमन करते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, पिछले करीब दो वर्षों से इस मार्ग पर बरसात के साथ-साथ सामान्य दिनों में भी नाले का पानी सड़क पर भर जाता था। पानी भरने से सड़क पर कीचड़ और फिसलन बन जाती थी, जिससे वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।

### 9 साल पहले बिछाई सीवर लाइन आज तक चालू नहीं

ग्रामीणों ने यह भी सवाल उठाया है कि यदि पहले से बिछाई गई सीवरेज लाइन को समय पर चालू कर दिया गया होता, तो शायद यह समस्या पैदा ही नहीं होती। वर्ष 2016 में बोहर गांव में सीवरेज लाइन बिछाई गई थी, लेकिन आज तक उसे चालू नहीं किया गया। नतीजतन गंदे पानी की निकासी की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं बन पाई और नाले का पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर भरता रहा। लोगों का कहना है कि सीवरेज लाइन पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए, लेकिन उसका लाभ आज तक ग्रामीणों को नहीं मिल पाया।

## महर्षि दयानन्द ने शिक्षा व सामाजिक समानता का दिया संदेश : कुलपति


रोहतक। मातू राम यज्ञशाला में आहुति डालते विश्ववारा कन्या गुरुकुल महाविद्यालय, रुड़की की आचार्या सुकामा, भारतीय पुनर्वास परिषद की पूर्व अध्यक्ष डॉ. शरणजीत कौर व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय (एमडीयू) में महर्षि दयानन्द सरस्वती की 201वीं जयंती के उपलक्ष्य में महर्षि दयानंद एवं वैदिक अध्ययन केंद्र के तत्वावधान में दो दिवसीय भव्य कार्यक्रमों का वीरवार को विधिवत शुभारंभ हुआ। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने अपने संदेश में कहा कि महर्षि दयानन्द आधुनिक भारत के महान समाज सुधारक थे, जिन्होंने सत्य, शिक्षा और सामाजिक समानता का संदेश दिया। उन्होंने युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने अपने संदेश में कहा कि महर्षि दयानन्द का जीवन अनुशासन, नैतिकता और कर्मठता की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम का आरंभ प्रातः 9 बजे विश्वविद्यालय की मातू राम यज्ञशाला में वैदिक यज्ञ से हुआ। विश्ववारा कन्या गुरुकुल महाविद्यालय, रुड़की की आचार्या सुकामा यज्ञ ब्रह्मा के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि भारतीय पुनर्वास परिषद की पूर्व अध्यक्ष डॉ. शरणजीत कौर ने यजमान के रूप में सहभागिता की। डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस. सी. मलिक, डॉ. लक्ष्मी गुप्ता, डीन, स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग, डीन, सीडीसी प्रो. विनीता हुड्डा, प्रो. सुरेन्द्र कुमार समेत अन्य विशिष्ट जनों की गरिमामयी उपस्थिति कार्यक्रम में रही। इसके उपरांत यज्ञशाला से महर्षि दयानंद सरस्वती चौक से होते हुए टैगोर सभागार तक शोभायात्रा निकाली गई।

## स्वीपिंग कार्य से बदली शहर की सूरत, हर तरफ दिख रही स्वच्छता की नई चमक

# सड़कों पर दिखने लगी सफाई, अब गंदगी न फैलाना हमारी जिम्मेदारी

■ निगम की पहल और आमजन के सहयोग से मुख्य चौराहों से लेकर सेक्टरों तक दिख रही साफ-सफाई, रैंकिंग में आगे रहने की उम्मीद मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



शहर में चल रहे व्यापक स्वीपिंग कार्य ने सफाई व्यवस्था की तस्वीर ही बदल दी है। जहां कभी सड़कों पर कूड़ा-कचरा और गंदगी आम नजर आती थी, वहीं अब वही सड़कें चकाचक और सुव्यवस्थित दिखाई दे रही हैं। रोजाना हो रही नियमित सफाई न केवल आम नागरिकों को सुकून दे रही है, बल्कि वाहन चालकों के लिए भी यह दृश्य बेहद सुखद साबित हो रहा है। साफ सड़कों के कारण यातायात व्यवस्था भी पहले से बेहतर हुई है और दुर्घटनाओं की आशंका में भी कमी आई है। इसका शुभारंभ 6 फरवरी को रंगमंच धर्मशाला में हुआ, जिसका 36 करोड़ रुपये का टेंडर जारी हुआ है। इसके तहत 300 कर्मचारी भी भर्ती किए गए है जो सफाई व्यवस्था में लगे हुए है।

नगर निगम की ओर से शहर की सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं। पहले जहां निगम के पास करीब 640 सफाई कर्मचारी कार्यरत थे, वहीं अब स्वीपिंग कार्य के तहत लगभग 300 नए कर्मचारियों की भर्ती की गई है। इस बढ़ी हुई संख्या का सीधा असर शहर की सफाई पर दिखाई दे रहा है। मुख्य चौराहों, व्यस्त सड़कों और बाजार क्षेत्रों में अब नियमित रूप से झाड़ू लगाई जा रही है, जिससे सुबह से ही सड़कें साफ-सुथरी नजर आती हैं। सिर्फ मुख्य मार्ग ही नहीं, बल्कि अब सेक्टरों की हालत भी पहले से कहीं बेहतर हो गई है। आवासीय क्षेत्रों में भी सफाई कर्मियों की नियमित मौजूदगी से गलियों और सड़कों पर कूड़ा-कचरा नजर नहीं आता। खास बात यह है कि कई स्थानों पर महिला सफाईकर्मियों को भी तैनात किया गया है, जो पूरी लगन और जिम्मेदारी के साथ अपने कार्य को अंजाम दे रही हैं।

### आमजन का सहयोग भी अहम भूमिका निभा रहा

इस पूरी व्यवस्था की सफलता के पीछे आमजन का सहयोग भी अहम भूमिका निभा रहा है। लोग अब सड़कों पर कूड़ा फेंकने से बच रहे हैं और सफाई कर्मियों के कार्य में सहयोग कर रहे हैं। दुकानदार अपने प्रतिष्ठानों के आसपास साफ-सफाई रखने लगे हैं, वहीं घरों से निकलने वाला कचरा भी निर्धारित स्थानों पर ही डाला जा रहा है। यही कारण है कि अब शहर के कई इलाकों में सड़कों पर कूड़ा-कचरा दिखाई ही नहीं देता।

### ...तो रैंकिंग में नहीं पिछड़ेंगे हम

यदि आमजन का यह सहयोग बना रहा तो शहर स्वच्छता रैंकिंग में कभी पीछे नहीं रहेगा। साफ-सफाई केवल निगम या सफाई कर्मियों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह सामूहिक प्रयास का परिणाम है। जब प्रशासन और नागरिक एक साथ मिलकर काम करते हैं, तभी शहर की तस्वीर और तकदीर दोनों बदलती हैं। स्वीपिंग कार्य के तहत शुरू हुई यह पहल न केवल शहर को सुंदर बना रही है, बल्कि स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण की दिशा में भी एक मजबूत कदम है।